## खबर संक्षेप

### कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**पानीपत।** जिला सचिवालय में मंगलवार को सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे और बैठक में रखी जाने वाली शिकायतों को सुनेंगे।

### नीट परीक्षा को लेकर बैठक में की चर्चा

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सचिवालय के सभागार में आगामी रविवार को आयोजित होने वाली नीट की परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं सुचारू आयोजन को लेकर बैठक हुई। बैठक में एडीसी अंकित चौकसे, पानीपत एसडीएम मनदीप कुमार, समालखा एसडीएम अमित कुमार, सीएमओ डॉ विजय मलिक, विवेक चौधरी, जीएम रोडवेज विक्रम, डीडीपीओ राजेश शर्मा, डीईओ राकेश बूरा, डीएसपी सुरेश सैनी, परीक्षा संयोजक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### बाइक चोरी, केस दर्ज

**इसराना।** पानीपत के गांव इसराना में बीडीपीओ कार्यालय के सामने निवास कर रहे हैप्पी की अज्ञात ने उसके घर से सामने खडी बाइक चोरी कर ली। वहीं, बाइक चोरी की वारदात पड़ोसी के सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गई। हैप्पी की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने अज्ञात पर बाइक चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तीन बच्चों को स्कूल भेजा

**पानीपत।** गरीब परिवार सहायता समिति द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के तीन बच्चों का पांचवी, सातवीं एवं ग्यारहवीं कक्षा में गुरु रामदास पब्लिक स्कूल में करवाया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्य स. जोगिंदर सिंह चावला, स. हरचरण सिंह धम्मू ने बताया कि समिति तीनों बच्चों की पूरे वर्ष की पढ़ाई का खर्च स्कॉलरशिप के रूप में उठाने का भी निर्णय लिया।

### कृष्ण बने प्रधान

**पानीपत।** पानीपत की आदर्श कालोनी स्थित श्री भगवान परशुराम मंदिर के प्रधान पद पर कृष्ण अग्निहोत्री को सर्वसम्मति से चुना गया। इस अवसर पर स्वदेश शर्मा, नंद किशोर कौशल, किशन लाल शर्मा, पिंकल शर्मा, ईश्वर उपमन्यु, डॉ. महेन्द्र शर्मा, हिमांशु शर्मा, सतनारायण शर्मा, राकेश शर्मा, हरीश शर्मा, गौरव शर्मा, राजेश शर्मा, जगदीश शर्मा, कुश शर्मा, अजय शर्मा समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### करिकुलम विटे में शुभम प्रथम

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य व प्रबंधन विभाग द्वारा बीकॉम द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए सहायक प्रो. रुचिका बत्रा के निर्देशन में करिकुलम विटे प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें शुभम प्रथम, रिया द्वितीय, रोशनी तृतीय व हिमांशी व कनिष्का को सांत्वना पुरस्कार मिला। विजेताओं को प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह, वाणिज्य एवं प्रबंधन के विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा, क्लास मेंटर सहायक प्रो. रुचिका बत्रा ने पुरस्कृत किया।

### प्रशासन ने जनसुनवाई की

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में आयोजित जनता समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 27 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके त्वरित निस्तारण के लिए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश जारी किए गए। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि जनता की सुरक्षा और विश्वास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिविर में सीईओ डॉ. किरण, डीडीपीओ राजेश शर्मा, डीएसपी सतीश , डीएमसी अरुण भार्गव समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### हुड़दंग करते नौ पकड़े

**पानीपत।** थाना सनौली पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हुडदंग मचा रहे नौ युवकों बराना गांव निवासी गौरव व आकाश, नंगला पार गांव निवासी विशाल, भैंसवाल गांव निवासी नीरज व विशाल, पानीपत के नूरवाला हरिसिंह कॉलोनी निवासी नितिन, धनसौली गांव निवासी विशाल व सुमित और बबैल गांव निवासी रविंद्र गिरफ्तार किया है।

---

मुख्यमंत्री ने चारों योजनाओं को दी मंजूरी

# पानीपत में बनेगा वर्किंग वुमन व लेबर हॉस्टल, वृद्धा व अनाथ आश्रम

कामकाजी महिलाओं, श्रमिकों, बेसहारा बच्चों व वृद्धों को लाभ होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज के विजन को अमलीजामा पहनाते हुए पानीपत के लिए चार बड़ी सामाजिक परियोजनाओं को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री सिंह ने आईटीआई कच्चा कैंप क्षेत्र में वर्किंग वुमन हॉस्टल, वृद्धा आश्रम, अनाथ आश्रम और लेबर हॉस्टल का निर्माण कराने को हरी झंडी दी है। वहीं, वर्किंग वुमन हॉस्टल, वृद्धाश्रम, अनाथ आश्रम और लेबर हॉस्टल के बनने से शहर के बुनियादी सामाजिक ढांचे को नई मजबूती मिलेगी।

विधायक प्रमोद विज ने बताया कि औद्योगिक शहर होने के नाते पानीपत में बड़ी संख्या में महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं। प्रस्तावित वर्किंग वुमन हॉस्टल विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा, जो देर रात तक फैक्ट्रियों या कार्यालयों में काम करती हैं। यह हॉस्टल उन्हें न केवल सुरक्षित वातावरण प्रदान करेगा, बल्कि रहने के लिए सम्मानजनक स्थान भी सुनिश्चित करेगा।



**पानीपत।** मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताते हुए विधायक प्रमोद विज।

#### मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताया

विधायक प्रमोद विज ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताते हुए कहा कि ये चारों प्रोजेक्ट्स मेरा संकल्प थे, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की सुविधाएं पहुंच सकें। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने इन मांगों को स्वीकार कर पानीपत की सामाजिक सुरक्षा को नई ऊंचाई दी है। हमारा लक्ष्य पानीपत को न केवल औद्योगिक रूप से बल्कि सामाजिक रूप से भी नंबर वन बनाना है।

विधायक विज ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस आश्रम में बुजुर्गों को वृद्धावस्था में बेहतर स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन जीने की सुविधा मिलेगी।

जबकि बेसहारा और जरूरतमंद लड़के-लड़कियों के लिए यह अनाथा आश्रम उनके उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा, जहां उनकी शिक्षा और परवरिश का ध्यान रखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि पानीपत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले श्रमिकों के लिए लेबर हॉस्टल का निर्माण किया जाएगा। इससे प्रवासी और स्थानीय श्रमिकों को किफायती और बेहतर आवासीय सुविधा मिल सकेगी, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि चारों हॉस्टल में आधुनिक किचन, आरामदायक बेडरूम, साफ-सफाई के पुख्ता इंतजाम और मनोरंजन के साधन हॉस्टल के अंदर ही उपलब्ध होंगे। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यहां रहने वाले लोगों को घर जैसा एहसास हो।

---

# गाय के वध पर पूर्ण प्रतिबंध लगे

- गो सम्मान आह्वान अभियान में शामिल हुए गोभक्तों व गोशाला प्रतिनिधि, राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इसराना

गो सेवा परमोधर्म ट्रस्ट व गोशाला प्रबंधन समितियों के संयुक्त तत्वावधान में इसराना बाजार में गो भक्तों ने जागरूकता रैली निकाली व एसडीएम कार्यालय पहुंच कर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, प्रदेश के राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने नाम ज्ञापन सौंपा। एसडीएम कार्यालय प्रतिनिधि ने ज्ञापन रिसीव किया। ज्ञापन में केंद्र व प्रदेश सरकार से गोवंश संरक्षण, संवर्धन व गो वध पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने की मांग की है। ट्रस्ट के प्रतिनिधि संदीप डोगर ने कहा कि गोवंश के सम्मान के लिए सभी ने काम करना चाहिए। हालांकि सरकार गोवंश के संरक्षण, संवर्धन के लिए दिल खोल के कार्य कर रही है।



**इसराना।** गोसेवा परमोधर्म ट्रस्ट व गोशाला प्रबंधन समितियों के सेवक गांव इसराना में जागरूकता रैली निकालते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

#### मौके पर ये मौजूद रहे

इस मौके पर ट्रस्ट की तरफ से संदीप डोगर, जितेन्द्र आर्य, विक्की थाना, विकास पांचाल, आशीष कुमार, नीरज सैनी, सोनू अहर, राजेन्द्र कुमार, नौल्था गोशाला प्रधान रामकुमार जागलान, मांडी गोशाला प्रतिनिधि जयपाल घनघस व राजरूप पानू शामिल हुए।

### किशोरी से दो युवकों ने दुष्कर्म किया

**पानीपत।** पानीपत में गोपी व विक्की ने किशोरी की अश्लील वीडियो बनाई और उसे ब्लैकमेल किया। आरोपियों ने किशोरी को तीन दिनों तक बंधक बनाकर रखा और उसे जबरन नशा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता जैसे तैसे आरोपियों के चुंगल से छुट कर अपने घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। पीड़ित लकडी की मांग की शिकायत पर थाना तहसील कैंप पुलिस ने उसे बयान दर्ज किए और सिविल अस्पताल में मेडिकल जांच करवाई। दूसरी ओर, थाना तहसील कैंप पुलिस ने गोपी व विक्की पर पॉक्सो एक्ट की धारा 6, बीएनएस की धारा 65(1) (गैंगरेप), 127(2) (बंधक बनाना), 123 (नशीला पदार्थ देना), 351(3) (जान से मारने की धमकी) व 3(5) के तहत केस दर्ज किया है।

# बिहोली में बिहार प्रवासी की गला रेत कर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

- थाना बापौली पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

पानीपत के गांव बिहोली में सोमवार को 35 वर्षीय रणजीत मूल पूर्णिया, बिहार की अज्ञात ने गला रेत कर हत्या कर दी। रणजीत गांव बिहोली के पूर्व सरपंच जिले सिंह के फार्म पर नौकर था और खेत में बने लेबर क्वार्टर में अपने परिवार के साथ रहता था। वहीं, रणजीत का शव सोमवार की सुबह बिहोली से बापौली जाने वाले रोड पर रतन के खेत में पड़ा मिला। दूसरी ओर, घटना की सूचना मिलने पर थाना बापौली पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और रणजीत के शव की जांच की। जांच पूरी होने के बाद शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया। दूसरी ओर, पुलिस को रणजीत की हत्या में उसके ही रिश्तेदार विनोद का हाथ लग रहा है। पूर्व सरपंच जिले सिंह के भतीजे अमित ने गत दिनों विनोद को खेत के कामकाज के लिए नौकर रखा था।

---

# गो सेवा के लिए सरकार वचनबद्ध

- सरकार ने हरियाणा गो सेवा आयोग के बजट में ऐतिहासिक वृद्धि की

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई एवं प्रमुख समाजसेवी हरपाल ढांडा ने सोमवार को एल्डिको स्थित कार्यालय में पानीपत ग्रामीण हलके की कर्मयोगी श्री कृष्ण गोशाला गांव सिवाह के प्रधान रविंद्र कादियान को 12.77 लाख, बलराम गोशाला गांव बडौली के प्रधान रविंद्र मिटान को 6.77 लाख और गांव राजाखेडी व गढी सिंकदरपुर गोशालाओं के प्रतिनिधियों को चेक भेंट किए। वहीं, हरपाल ढांडा ने गोशाला प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार गो सेवा के लिये प्रतिबद्ध है। भाजपा सरकार गो सेवा आयोग के माध्यम से प्रदेश की आयोग से पंजीकृत गोशालाओं को गोवंश के लिये चारा अनुदान राशि दे रही है। सरकार ने हरियाणा गो सेवा आयोग के बजट में ऐतिहासिक वृद्धि की है ताकि गोशालाओं को चारा के लिये किसी आर्थिक परेशानी का सामना ना करना पड़े।



**पानीपत।** कर्मयोगी श्री कृष्ण गोशाला गांव सिवाह के प्रधान रविंद्र कादियान को चेक भेंट करते हरपाल ढांडा। *फोटो: हरिभूमि*

# गोहाना, जाटल, असंध, जीटी रोड के फ्लाईओवर्स पर नॉइज़ बैरियर लगेंगे



**पानीपत।** सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया, पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह शिरकत करते हुए। **फोटो: हरिभूमि**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

जिला सचिवालय के सभागार में सोमवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी पर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने की। बैठक में कुल 21 सूत्रीय एजेंडे पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और सड़क सुरक्षा व ट्रैफिक सुधार को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े मुद्दों में एनएच-44 के चौड़ीकरण, पानीपत फ्लाईओवर पर आरसीसी बैरियर लगाने, एनएच-709 इसराना क्षेत्र में खराब पड़ी सर्विस रोड की मरम्मत पर चर्चा हुई। वहीं, बैठक में डाहर टोल प्लाजा पर रोड सेफ्टी उपकरणों की कमी को गंभीरता से लेते हुए जल्द सुधार के निर्देश दिए गए। यही नहीं शहर में जीटी रोड और गोहाना, जाटल व असंध रोड फ्लाईओवर पर नॉइज बैरियर लगाने का प्रस्ताव भी बैठक में रखा गया। बरसात रोड के सामने कट खोलने, एनएच-44 दिल्ली-पानीपत लेन पर मच्छरौली गांव के पास सर्विस लेन कट खोलने और पुलिस लाइन के पास एग्जिट पॉइंट बनाने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

#### सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस विभाग प्रयासरत

डीसी डॉ. दहिया ने बताया कि शहर में यातायात दबाव को कम करने के लिए रिंग रोड निर्माण कार्य को लेकर हाई अथॉरिटी के पास केस भेजा गया है। बैठक में एलिवेटेड बस स्टैंड, आजाद नगर के पास रेलवे अंडरपास, बरसात रोड से ड्रेन दो तक मिनी बाईपास, तथा विभिन्न स्थानों पर पैदल यात्रियों के लिए सेफ्टी रेलिंग लगाने जैसे प्रस्तावों पर चर्चा हुई। दूसरी ओर, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू और सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस विभाग निरंतर प्रयासरत है।

---

# श्री कृष्ण का जन्म, कर्म, उनकी लीलाएं सब दिव्य

- इस्कॉन प्रचार समिति ने असंल सुशांत सिटी में प्रभात फेरी निकाली
- पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की लीलाओं का अनुकरण करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

इस्कॉन कुरुक्षेत्र व इस्कॉन प्रचार समिति पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में ऐतिहासिक नगरी पानीपत में श्रीमद् भागवत कथा व भगवान श्री कृष्ण बलराम रथयात्रा महोत्सव के तहत मंगलवार को श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन प्रातः कालीन सत्र में प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। जबकि सायंकालीन में इस्कॉन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष साक्षी गोपाल दास ने कथा व्यास करते हुए बताया कि भगवान श्री कृष्ण जो भी करते है वो दिव्य हैं उनका जन्म, कर्म, उनकी लीलाएं सब दिव्य हैं। वहीं, पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की लीलाओं का अनुकरण करना चाहिए। जबकि भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का अनंत चिंतन करना चाहिए और जो व्यक्ति भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का अनंत चिंतन करता हैं वह भक्त भगवान श्री कृष्ण को अति प्रिय हो जाता हैं। इस अवसर पर राम निवास गुप्ता, नरेश सिंगला नादे वाले, राधे श्याम गुप्ता, विपिन अग्रवाल, सुंदर लाल चुघ, आशु गुप्ता, अशोक गोयल, अजय सिंगला, संचित गुप्ता, पंकज मेंहदीरत्ता, भुवन चुघ, संजय मंगला, मोहन बंसल, अरविंद सिंघल, देवेंद्र महाजन, केजी अग्रवाल, मनोज गोयल समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।





**पानीपत।** श्रीमद् भागवत कथा सुनाते साक्षी गोपाल दास व श्रीमद् भागवत का पूजन करते श्रद्धालु। *फोटो: हरिभूमि*

# जरूरमंद बच्चों को खिलौने बांटे

- खिलौना वितरण केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि संवेदनाओं का आदान-प्रदान है

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आईबी पीजी कॉलेज की एनएसएस युनिट द्वारा 'पोषण पखवाड़ा मिशन' के तहत हृदयस्पर्शी पहल की गई। इस अभियान के तहत कॉलेज परिसर में एक सप्ताह तक नए एवं सहेज कर रखे गए अच्छी स्थिति वाले खिलौने एकत्रित किए गए, जिन्हें बाद में आंगनबाड़ी के नन्हें मुन्ने बच्चों के बीच वितरित कर उनके बचपन को खुशियों के रंगों से भर दिया गया। वहीं, प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह ने कहा कि खिलौना वितरण केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि संवेदनाओं का आदान-प्रदान है। यह उन बच्चों के चेहरों पर उल्लास लाने का एक पावन जरिया है, जो अक्सर संसाधनों के अभाव में अपने 'खेलने के अधिकार' से दूर रह जाते हैं। जब हम अपने पुराने खिलौने साझा करते हैं, तो हम केवल वस्तु नहीं, बल्कि समाज में प्रेम और अपनत्व की भावना को मजबूत करते हैं। वहीं, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी खुशबू ने अभियान की सार्थकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खिलौने बच्चों के लिए केवल खेलने की वस्तु नहीं, बल्कि उनके सपनों और कल्पनाओं का अनमोल संसार होते हैं।




**पानीपत।** आईबी कॉलेज के स्वयंसेवी विद्यार्थी जरूरमंद बच्चों को खिलौने बांटते हुए।

---

### पीएनबी ने 100 करोड़ का ऋण स्वीकृत किए

**पानीपत।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) द्वारा खादी आश्रम में आयोजित एमएसएमई एक्सपो में 100 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण स्वीकृत किए गए। कार्यक्रम में बैंक की विभिन्न योजनाओं, डिजिटल उत्पादों और आकर्षक ऋण सुविधाओं पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेशनल हैंडलूम डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के क्षेत्रीय प्रमुख विपिन सिंह खंडोल, प्रधान कार्यालय से आए दिनेश कुमार चौहान ने पीएनबी की एमएसएमई योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी।इस अवसर पर मंडल प्रमुख अनुज वर्मा, खादी आश्रम की अध्यक्ष निर्मल दत्त, पीएनबी के पीएलपी हेड ललित त्यागी, हार्दिक आनंद सहित पानीपत-सोनीपत क्षेत्र के कई बैंक अधिकारी उपस्थित रहे।

**भक्ति** महर्षि वाल्मीकि मंदिर में भगवान शिव व मां पार्वती की मूर्तियां स्थापित की

# विश्व कल्याण का संदेश देती है श्री सनानत संस्कृतिः महंत लोकेश दास

भगवान वाल्मीकि व शिव पार्वती का पूजन किया व भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

- महंत श्री लोकेश दास महाराज ऋषिकेश ने सभी को आशीर्वाद दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

महर्षि वाल्मीकि मंदिर सनौली रोड में तीन दिवसीय पूजन कर भगवान शिव पार्वती की मूर्ति विशाल यज्ञ के साथ स्थापित की गई।

वहीं, इस पावर अवसर पर पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, महंत लोकेश दास महाराज, नरेश आनंद महाराज, राहुल विज, अशोक आर्य, शेरू उस्ताद, शशि कपूर, हिमांशु कटारिया, साहब सिंह रंगा, मास्टर मुकेश बोस, अमित मक्कड, विजय लक्ष्मी पालीवाल, मेयर कोमल सैनी, सुरेश काबरा, पार्षद कमल अरोड़ा, पार्षद रॉकी गहलोत ने भगवान वाल्मीकि और भगवान शिव पार्वती का पूजन किया। वहीं, मंदिर प्रशासन द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। जबकि महंत श्री लोकेश दास महाराज ऋषिकेश ने सभी को आशीर्वाद दिया।



**पानीपत।** महर्षि वाल्मीकि मंदिर परिसर में महंत लोकेश दास महाराज, धार्मिक संबोधन करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

#### मौके पर ये मौजूद रहे

मंदिर समिति के प्रधान नितिन जीनवाल, संजय बादल, कुलदीप बहोत, भारत राय, दिनेश जीनवाल, सुभाष जीनवाल, मदन लाल डूमडां, दिनेश कांगडा, जोगिंदर बादल, सोहन बादल, बाला राम बादल, मामराज डूमडां, जय भगवान जीनवाल, दलीप बहोत, प्रवेश कांगडा, रविंद्र सिरसवाल, सोनू बहोत समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### बैठक में सात शिकायतों पर विचार किया गया

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में सोमवार को जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने की। बैठक में सात शिकायतों पर विचार किया गया, जिनमें से दो मामलों में कार्रवाई पूरी की जा चुकी है, जबकि तीन मामलों की जांच जारी है। एक मामले को पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू जयपान हुड्डा, डीआईपीआरओ सुनील बसताडा, सत्य प्रकाश, ओमप्रकाश, सत्यवान झंडा, सुभाष दून, संजय सिंहाल, पूनम आदि उपस्थित रहे।

